Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **भीलवाडा में पटवार हल्का चिलेश्वर, तहसील करेडा, के पटवारी लोकेश जोशी 1000/— रूपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार।**

जयपुर, दिनांक 27 जून, 2026। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो भीलवाडा—प्रथम इकाई ने कार्यवाही करते हुए आरोपी **लोकेश जोशी हाल पटवारी पटवार हल्का चिलेश्वर, तहसील करेडा, जिला भीलवाडा** को 1000/— रूपये रिश्वत राशि ग्रहण करते हुए गिरफ्तार किया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ए.सी.बी. भीलवाडा—प्रथम इकाई को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी के पिता की मृत्यु के पश्चात परिजनो के नाम फौतगी नामांतरण खोलने की एवज में पटवारी द्वारा परिवादी से रिश्वत की मांग कर परेशान किया जा रहा है। परिवादी के पिता के नाम राजस्व रिकॉर्ड में विभिन्न खसरों में कृषि भूमि अवस्थित है। परिवादी के पिता की मृत्यु के पश्चात परिवादी के परिजनो के नाम फौतगी म्यूटेशन खुलवाने के लिये परिवादी द्वारा पटवारी आरोपी श्री लोकेश जोशी हाल पटवारी पटवार हल्का चिलेश्वर, तहसील करेडा, जिला भीलवाडा से सम्पर्क किया तो नामांतरण खोलने की ऐवज में 10,000/— रूपये रिश्वत की मांग की, जिस पर परिवादी द्वारा हाथा जोडी करने पर 8,000/— रूपये लेने पर राजी हुआ। परिवादी ने बताया कि मेरे से 5,000/— रूपये दिनांक 20.06.2026 को ही ले लिये, अब और 3000/— रूपये की मांग कर रहा है एवं रिश्वत राशि मांग का सत्यापन करवाया गया तो परिवादी से 1,000/— रूपये की रिश्वत राशि ग्रहण की तथा 1,000/— रूपये रिश्वत राशि बाद में लेने के लिये सहमत हुआ।

जिस पर एसीबी अजमेर रेंज के **उप महानिरीक्षक श्री नारायण टोगस** के सुपरवीजन में ए.सी.बी भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो भीलवाडा—प्रथम के नेतृत्व में आज दिनांक 27.06.2026 को एसीबी भीलवाड़ा—प्रथम के **उप अधीक्षक पुलिस, श्री पारसमल** ने ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी लोकेश जोशी ने अपनी मांग के अनुसरण में आज दिनांक 27.06.2026 को 1,000/— रूपये परिवादी से ग्रहण कर अपनी पहने हुये लोअर की जेब में रखे जहां से रिश्वत राशि बरामद हुई।

आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्जकर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की **हेल्पलाइन नंबर 1064** एवं **व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर 941350—2834** पर 24X7 संपर्क कर भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी तरह सहायता करेगी।